S-216

Total Pages : 3 Roll No. ....

MAHL-607

कथा साहित्य (भाग दो)

एम.ए. हिन्दी (MAHL)

4th Semester Examination, 2022 (Dec.)

Time : 2 Hours] **Max. Marks : 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो दो (02) खण्डों, क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

(खण्ड-क)

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. कहानी के तत्वों का परिचय देते हुए 'उसने कहा था' कहानी का कहानी के तत्वों के आधार पर मूल्यांकन कीजिए।

2. प्रेमचंद की कहानियों की विशिष्टता को रेखांकित करते हुए हिंदी कथा साहित्य में प्रेमचंद की केंद्रियता की समीक्षा कीजिए।

3. इंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी 'उसने कहा था' के भाषा-शैली पर निबंध लिखते हुए लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

4. शैलेश मटियानी की कहानी सुहागिनी के आधार पर उसके आंचलिकता को व्याख्यायित कीजिए।

5. त्यागपत्र के मूल-प्रतिपाद्य को सविस्तार लिखिए।

(खण्ड-ख)

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. चंद्रधर शर्मा गुलेरी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

2. उसने कहा था कहानी की नारी पात्र सूबेदारनी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

3. "तुम्हें याद है, एक दिन टाँगेवाले का घोड़ा दहीवाले की दुकान के पास बिगड़ गया था। तुमने उस दिन मेरे प्राण बचाए थे, आप घोड़े की लातों में चले गए थे, और मुझे उठाकर दुकान के तख्ते पर खड़ा कर दिया था। ऐसे ही इन दोनों को बचाना। यह मेरी भिक्षा है। तुम्हारे आगे आँचल पसारती हूँ।" इस कथन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

4. प्रेमचंद की कहानी शैली की विशिष्टता पर संक्षिप्त निबंध लिखिए।

5. प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब की विशेषता बताइए।

6. शैलेश मटियानी की कहानी सुहागिनी की पद्मावती का संक्षेप में चरित्र-चित्रण कीजिए।

7. जैनेन्द्र के कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

8. त्यागपत्र के पात्र-योजना पर संक्षिप्त निबंध लिखिए।